स्वतंत्र पार्टी

उत्तर प्रदेश

फोन : २२५७८

तार : स्वतंत्र

पत्र संख्या

कैसरबाग

लखनऊ

दिनांक 31.1.77

(1555)

To

Sri Girish Munshi,
All India General Secretary,
Swatantra Party,
Bhartiya Vidhya Bhawan,
K.M.Munshi Marg,
Bombay.400007

Dear Sir,

Referring to the news from news papers and the discussion with Mr.R.S.Bharti Advocate of Shahjahanpur which I had very recently regarding the tickets for Lok Sabha election which have been given only to the states like Orissa, Tamil Nadu etc., I would like to draw your kind attention with the fact that U.P. which is having a Upper hand in the central politics, has been totally neglected. I would further suggest that atleast few swatantrites should be given party tickets so that they could represent the emblem and ideology of Swatantra Party, which has a very long standing in the politics, in the Lok Sabha. I offer myself as a candidate for the ticket of the party(Kannuj Parliamentry constituency) which I have been serving for the last eleven years.

With regards to my services for the party and the achievements in the political field of which I am giving a brief account below, should be given due consideration while deciding for the right man to participate in the Lok Sabha election from U.P.

The party with which I started my political career, was Swatantra I joined this party in 1966. During the general Lok Sabha election in 1967, I assisted Mr.R.S.Bhartiya a candidate of the party, in carrying out various election strategies and publicities. I worked for him in the capacity of 'election incharge.'

I was the member of State Exective of 'Sajg Kisan Dal(1968)which was organised by Mr.Bhanu Pratap Singh ,M.P. President of Swatantra Party of that time, With a view to organise the formers of the state,under the ideology of late Raja Ji.

I constituted a youth wing in 1969 in the State with the view to give a new shape to Gandhian thoughts named as 'Gandhi Sena' which was ultimately merged with swatantra yuvak sanghthan a youth organisation of Swatantra party.

In 1970, I was elected the president of swatantra party for Chibramau Assembly constituency.

In 1971, I was elected as a member of my notified Area (Local Body) for which I have been continuing my services since then. The peculiar ~~featcher~~ feature of the State Local bodies election,which held in constituency under my presidentship, has been that all of the candidates except Swatantraites were totally washed off.

Keeping in view the above achievements,in 1972, I was escalated to the position of General Secretary of the district Swatantra Party

p.t.o.

Farrukhabad (Kannauj)Parliamentary Constituency).

In 1973 I was elected the State Joint Secretary of Swatantra Party. This election was held at Lucknow Baradari under the kind control of Mr. M.R.Arya of Delhi.

I was also selected the state youth convenor of the Swatantra Party in its VI National convention held at Rajaji Nagar(Madras) . I was also appointed as a member of National Stearing Committee in the same convention.

In the General election of U.P.Assembly which took place in 1974. I was appointed 'Election Incharge' by the State Parliamentary Board.

During the year 1975 I was in touch of the youth of ~~non~~ city and colleges and I contested for Lucknow University Union elections.

In order to accomplish the objectives and ideology of the party in State I visited Bombay and consulted with Mr.Raju All India Joint Secretary of the Party and Mr.M.R.Masani, in this regard.

The Election for MLC's through Local Bodies which held in 1976, I have been the election Incharge of Mr.Har Mohan Singh Yadav a opposition candidate who was elected from my local body constituency of which I am a member.

I am a smart young, energetic & reliable man of about 29 years of age possessing good physique and social habits. I come from a well known a respectable Zamindar Chowdhary family of District Farrukhabad (U.P.) and my father (Dr.M.C. Saxena) is a senior Reader in the Department of Physics, Lucknow University. All my relatives are educated and well placed, my only uncle(Sri J.C. Saxena) being Under Secretary in the Ministry of Labour, Govt. of India, New Delhi- Previously Additional Private Secretary to Sri G.L.Nanda, Home Minister, Govt. of India.).

In view of the above I am sure that if considered farely ~~anx~~ my services would not be brushed a side I will be given an opportunity to represent my people amongst whom I have spent sufficient time to propogate the Swatantra Idology.

Thanking you,

Yours faithfully,

Navin Kumar Wal
1.2.77.

(NAVIN KUMAR WAL)
S/O Dr.M.C. Saxena
112-Sunderbagh,
Lucknow -226001.

✓ C.C. Mr M.R. Masani National Leader. Swatantra Party. India.

कांग्रेसियों गद्दी छोड़ो !

# तुम्हारे राज्य में मंहगाइ गगन चूमने लगी है।

# गरीबी और बेरोजगारी हटाने का नारा धोखा है ।

नेहरू से इन्दिरा सरकार तक मंहगाई की रफ्तार

(कृपया आखिरी कालम आप स्वयं भरके राज्य कार्यालय६४-वी ब्लाक दारुल शफा लखनऊ को प्रेषित कर दें )

| वस्तु | १९५२ नेहरु युग | १९६५ शा० युग | १९६६ इ० युग | १९६७ व १९६८ | १९६९ व १९७० | १९७१ व १९७२ | व० 1973? |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घी | १ रु० का ढाई छटा० | रु० का १०० ग्राम | रु० का ८० ग्रा० मि० | रु० का ७० ग्राम | रु० ६० ग्रा० | रु० का ५० ग्रा० | |
| दूध | १४ आ.से. | १ रु० कि० | १.३० पैं० कि. पा. मि. | १.४५ पैं० कि० | १.६० पै० कि० | १.७५ पैं० कि० | ? |
| गेहूँ | रु० का २ सेर | रु० का १ कि० | रु० का ८०० ग्रा | रु० का ७५० ग्रा० | रु० का ७०० ग्रा० | रु० का ६५० ग्रा० | ? |
| चना | रु० का २ सेर | रु० का सवा कि० | रु० का ५०० ग्रा. (राशन) | रु० का ४०० ग्रा० | रु० का ३५० ग्रा० | रु० का ३०० ग्रा० | ? |
| चा० | रु० का १ सेर | रु० का ७५० ग्रा. | रु० का २५०ग्रा.तक | रु० का २५० ग्रा० | रु० का २२५ ग्रा० | रु० का २०० ग्रा० | ? |
| ची० | २रु० की १ सेर | रु० की ५०० ग्रा. | रु० की ३०० ग्रा (ब्लेक) | रु० की २५० ग्रा० | रु० की २०० ग्रा० | रु० की १५० ग्रा० | ? |
| तेल | २ रु० सेर भर | ४ रु० कि० | ५ रु० कि ( मि० ) | ६ रु० कि० | ७ रु० कि० | ७.५० पै० कि० | ? |
| औ० गाय | २५० रु० | ३०० रु० | ४०० रु० | ५०० रु० | ६०० रु० | ७०० रु० | ? |

नाम व पता

पच्चीस वर्ष में संसार के अन्य मुल्कों ने बड़ी तीव्रता से प्रगति की है परन्तु भारत के युवकों के सम्मुख कोई भविष्य नहीं। भूख, बेकारी, पहनने के लिए कपड़ा नहीं, खेतों के लिए पानी नहीं, उत्पादन के लिए बिजली नहीं, रहने के लिये मकान नहीं, गरीबों के लिए न्याय नहीं, अनेकों समस्याओं में भारत की जनता फँसी हुई है अब हमें कौन उबारेगा इसका निर्णय हम स्वयं करें- सन १९४२ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नारा दिया था कि अंग्रेजों भारत छोड़ो परन्तु आज हमारा नारा है कांग्रेसियों गद्दी छोड़ो।

नवीनकुमार बाल संयोजक, उ०प्र० स्वतन्त्र युवक संगठन, द्वारा प्रसारित

( उषा प्रिन्टिंग प्रेस, फतेहगढ़ )

# बिजली का समय बदलो

सुन्दरलाल वर्मा मन्त्री किसान सभा ने जिलाधीश को एक माँग पत्र देकर कहा है कि फर्रुखाबाद आलू उत्पादक जनपद है और यहाँ का किसान प्रदेश की उपज में ४० प्रतिशत से अधिक आलू उत्पादन करता है। इस वर्ष एक करोड़ ४० लाख मन आलू की उपज होने का अनुमान है। आलू दालों के आभाव में सब्जी का स्थान अमीर से गरीब तक भरा करता है। फर्रुखाबाद का आलू सारे देश में जाता है हमारा जनपद मुख्यता आलू की सिंचाई हेतु विद्युत नलकूपों पर निर्भर है और दूसरे दिनांक १७-१२-७२ से देहातों में किसानों की आलू की सिंचाई हेतु दिये जाने वाली विद्युत की सप्लाई के परिवर्तन आलू की उपज पर २५ से ३० प्रतिशत कम होने के आसार नजर आ रहे हैं। अब देहातों में किसानों को विद्युत समय के परिवर्तन से दिन के २ बजे से दूसरे दिन ८ बजे तक दी जाती है जिससे किसान जाड़े के दिनों में सिंचाई नहीं कर पाता है। तथा आलू की सिंचाई बिल्कुल नहीं हो पाती है इससे पूर्व किसानों को विद्युत सप्लाई रात में ८ बजे से दूसरे दिन २ तक दी जाती थी जिससे रात में किसान ९ घण्टे उतरो सीधी रबी को सिंचाई कर लेता था और दिन में ९ घण्टा सुगमता से आलू की सिंचाई कर लेता था।

श्री वर्मा ने माँग की है कि १५ फरवरी १९७३ तक जनपद फर्रुखाबाद में विद्युत की सप्लाई रात ८ बजे से दूसरे दिन दिन के २ बजे तक दिये जाने की कृपा की जाय।

## सचेतक के स्थानीय विशेष प्रतिनिधि: एक परिचय

श्री नवीनकुमार बाल जी जनपद की स्थानीय टाउन एरिया तालग्राम फर्रुखाबाद के सदस्य हैं और चक्रवर्ती राज गोपालाचार्य की स्वतन्त्र पार्टी के छिबरामऊ विधान सभाई क्षेत्र के अध्यक्ष हैं, आप लखनऊ विश्व विद्यालय में बी० ए० प्रथम वर्ष के सोशल वर्क, सोशियोलाजी और हिन्दी के मेधावी छात्र हैं। आपके पिता श्री डा० महेश चन्द्र जी सक्सेना लखनऊ विश्व विद्यालय के भौतिक वि० विभाग में माडर्न फिजिक्स के ऊँच कोटि के प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपनी पी० एच० डी० इलेक्ट्रोनिक्स पर साउथैम्पटन विश्व विद्यालय से की है, श्रीबाल के ताऊ श्री जगदीश चन्द्र जी सक्सेना भूतपूर्व गृहमन्त्री श्री गुलजारी लाल नन्दा के प्राइवेट सेक्रेटरी रह चुके हैं और इस समय लेबर मिनिस्टरी में सेवारत हैं।



नवीनकुमार बाल

आपने बाबा स्वर्गीय श्री ज्वाला प्रसाद जी अपने समय के उच्च व्यक्तित्व वाले कर्मठ तहसीलदार थे एवं उन्होंने इसी पद से अवकाश ग्रहण किया। अपनी कार्यकुशलता द्वारा ब्रिटिश सरकार से कई बार सराहनीय पुरस्कार भी प्राप्त किये।

आपके परबाबा भूतपूर्व जमींदार हुकुम शिवप्रसाद जी स्थानीय टाउन एरिया के प्रथम निर्वाचित चेयरमैन थे और वह ही स्थानीय श्री रामलीला व सलेमपुर श्री रामलीला के संस्थापक थे। वह क्षेत्र के बेमिसाल हकीम थे एवं एक चरित्रवान बहुमुखी प्रतिभा वाले व्यक्ति थे।

श्री नवीनकुमार बाल जी एक ऐसे रईस जमींदार घराने से सम्बद्ध है जो देश में अपनी सभ्यता, तालीम आदि में अपना स्थान रखता है इन्होंने तीन वर्ष पूर्व लखनऊ में गान्धी वादी विचारों की प्रमुख अराजनैतिक सामाजिक संगठन 'गांधी सेना' को जन्म दिया जो अपने प्रदेश में निरन्तर बापू के विचारों का व्यापक प्रचार कर रही है। सेना की तीसरी वर्षगाँठ पर आपको प्रदेशीय गान्धी सेना का अध्यक्ष चुना गया, उस समय लखनऊ में उन्होंने प्रदेश की काँग्रेसी सरकार से गांधी सिद्धान्तों पर आधारित एक व्यापक योजना की माँग करते हुए कहा कि भारतीय परिपेक्ष में भुखमरी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार आदि जटिल समस्याओं का हल केवल गान्धीवादी दृष्टिकोण से ही सम्भव है।

श्री बाल मृदुल स्वभाव के स्पष्ट भाषी युवक नेता हैं जिन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर संघर्ष करने का बीड़ा उठा रखा है इसी कर्मठता के कारण आपको स्वतन्त्र नेता श्री सुभाषचन्द्र दुबे उपाध्यक्ष उ० प्र० स्वतन्त्र पार्टी ने पार्टी की युवा शाखा स्वतन्त्र युवक संगठन जिला फर्रुखाबाद का संयोजक मनोनीत किया है।

उल्लेखनीय है कि श्री नवीनकुमार बाल के स्वभाव के कारण ही टाउन एरिया तालग्राम में सदस्यों में स्वतन्त्र पार्टी का बहुमत है किन्तु आप फिर भी चेयरमैन श्री अब्दुल गफूर जी को जो इन्डीकेट के सक्रीय सदस्य हैं उनकी कार्यकुशलता के लिये पूरा समर्थन दे रहे हैं।

इन्ही सब कारणों वश स्थानीय जनता आपको टिकट आने वाले चुनावों में क्षेत्रीय प्रत्याशी बनाने को पूरी जोर कोशिश कर रही है

## चेयरमैन का सराहनीय कदम

नगरपालिका छिबरामऊ के टोल टैक्स सुपरेन्टेन्डेन्ट को श्री विनोद भूषण तिवारी टो० टैक्स अध्यक्ष न० पा० ने टोल टैक्स सुपरेन्टेन्डेन्ट श्री ओमप्रकाश मिश्रा को पकड़ा वह इन्ट्री टैक्स बिना अध्यक्ष की आज्ञा के वसूलते थे पकड़ा श्री विनोद भूषण तिवारी की रिपोर्ट पर श्री अनवार जमील अध्यक्ष न० पा० छिबरामऊ ने दि० २७-१२-७२ को निलम्बित कर दिया इनसे स्टाफ एवं जनता कोई प्रसन्न नहीं था। उक्त का चार्ज श्री मुजीबखाँ ने ग्रहण कर लिया।

### नोटिस

इजलास असिस्टेन्ट कलक्टर प्रथम श्रेणी छिबरामऊ

मु० न० ६३३ मौजा बिरौली परगना तालग्राम

इशाक बनाम अली बक्स

जो कि जरिये नोटिस आज आपको सूचना दी जाती है कि इशाक पुत्र अमीर ने अपने खाता नं० ९१ लगानी २०-५० ने १/८ भाग का बीस गुना जमा करके सनद जारी किये जाने को दरख्वास्त दी है अतः यदि आपको इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो दिनांक १६-१-७३ को वक्त १० बजे दिन उपस्थित होकर पेश करो वरना कार्यवाही मुकद्मा इकतरफा करके मुकदमा फैसल कर दिया जावेगा। फिर उज्र काबिल समाअत न होगा।

१- अली बकस २--लाल मुहम्मद पुत्रगण शुकरू ३-- फकीरे ४-- ईशव ५-- मजनूं पुत्रगण अमीर साकिनान बिरौली परगना तालिग्राम।

असिस्टेन्ट कलक्टर प्रथम

श्रेणी छिबरामऊ

मोहर ह० हाकिम

### न्यायालय असिस्टेन्ट कलेक्टर तहसीलदार कन्नौज

नम्बर मुकद्मा १२२० जेड-ए० एक्ट

ग्राम मिश्रीपुर परगना कन्नौज

छेदा बनाम खिल्ली

द्वारा नोटिस निम्नलिखित व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि खाता ३६ मालगुजारी २०-३१ के ११३ भाग का बीसगुना १३५-४० छेदा पुत्र ईश्वरी ने दाखिल कर दिया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त छेदा के ११३ भाग के सम्बन्ध में कोई उज्र हो तो दिनांक २५-१ ७३ को हाजिर तहसील होकर अपना उज्र पेश करे वरना बाद गुजरने मियाद को उज्र काबिल समाअत न होगा।

१-खिल्ली पुत्र जुक्खा २-शम्भू ३-रग्घा पिसर नोखे साकिन मिश्रीपुर

४-इतवारी पुत्र हिरई ५-चेतराम ६-बिहारी पिसरान सम्भरी ७-छिदम्मा पुत्र ईश्वरी साकिन मामा भोलपुरवा मजरे खुदिय पुर बागर

मोहर अदालत आज्ञा

स्वामी, सम्पादक, प्रकाशक एव मुद्रक मुन्शीसिंह भदौरिया मालिक की ओर से उषा प्रिन्टिंग प्रेस, फतेहगढ़ से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक—मुन्शीसिंह भदौरिया

र० नं० बल० १६४

# सचेतक

सामाहिक

वर्ष १४ | फतेहगढ़, १ व ८ जनवरी १९७३ | मूल्य १ प्रति १० पैसे
अङ्क १—२ | | वार्षिक मूल्य ८ रुपया

## नववर्ष की बधाई

श्री वीरेन्द्र बहादुर सिंह चन्देल एम० एल० सी० ने एक पत्र लिखकर क्षेत्र के समस्त प्रधानों सहकारी समितियों के अध्यक्षों एवं समस्त जनता को नववर्ष की शुभ कामनायें भेजते हुये उनके दीर्घ जीवी होने की कामना की है।

## राज्यपाल का आगमन

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महामहिम अकबर अली खां अपने दौरे के सिलसिले में फतेहगढ़ पधार रहे हैं। वह १० जनवरी को एटा से कायमगंज के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करेंगे। उसी दिन शाम को भारतीय महा विद्यालय फर्रुखाबाद में 'औरंग जेब' की आखोरी रात ड्रामा देखेंगे। ११ ता० को जनता, पत्रकार व अधिकारियों से भेंट करेंगे सरायमीरा होते हुये कानपुर प्रस्थान करेंगे।

# वकीलों का अनशन समाप्त
# अपराधियों ने घुटने टेके
# चमचों की छीछा-लेदर
# जिलाधीश समय रहते चेते

फतेहगढ़, ६ जनवरी आज अभिभावक संघ द्वारा स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के विरुद्ध चलाये जाने वाले क्रमिक अनशन को ८वें दिन जिलाधीश श्री मोहन्दरसिंह के प्रयास से सैकड़ों वकीलों, जनता के बीच उस समय समाप्त कर दिया गया जब पुलिस अधीक्षक जिलाधीश एवं कोतवाली फतेहगढ़ के कोतवाल तथा उनके एक सहायक एस० ओ० बारकमा उपस्थित किये किये गये और सभी अपराधियों को ओर से जिन्होंने फतेहगढ़ के कुछ वरिष्ठ एडवोकेटों के विरुद्ध उक्त दोनों थानेदारों ने अपनी जनरल डायरी में आपत्ति जनक एव अशिष्ट शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने को नापाक हरकत की जिसमें श्री कश्मीरसिंह, भरत सिंह राठौर राजेन्द्रसिंह एडवोकेटों के नाम उल्लेखनीय है पुलिस अधीक्षक ने खड़े होकर "क्षमा याचना" की।

यह सारा घिनौना एवं उत्तेजक वातावरण पैदा करने की जुम्मेदारी स्थानीय पुलिस की रही जिन्होंने जवाबी अनशन एवं फतेहगढ़ बाजार को अपने डंडे की ताकत से बन्द करा कर यह दिखाने के लिये इस प्रकार के ओछे हथकण्डे इस्तेमाल किये जिससे गुमराह अधिकारी यह जानलें कि जनता उनके साथ है पुलिस की इस कार्यवाही में उनके कुछ 'परमानेन्ट" चमचे भी साथ रहे। मुझे यह भी पता चला है कि उन 'परमानेन्ट' चमचों को अधिकारियों की ओर से पुरस्कार स्वरूप पिस्टल एवं रिवालवर के लायसेन्स भी देने का आस्वासन मिला है।



देश के महान विचारक एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गर्वनर जनरल स्वतन्त्र पार्टी के संस्थापक नेता श्री राजगोपालाचारी के निधन पर 'सचेतक' परिवार राजा जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

## वकीलों के समर्थन में सर्वदलीय निन्दा प्रस्ताव

जनपद फर्रुखाबाद की भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सोसलिस्ट पार्टी, रिपब्लिकन पार्टी जनसंघ शासक कांग्रेस, युवक कांग्रेस, भारतीय क्रान्ति दल एवं स्वतन्त्र पार्टी की सव दलीय बैठक दि० २-१-७३ स्थान फतेहगढ़ मे श्री प्रोमचन्द्र कटियार एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई और सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास पारित हुआ कि दिनांक १-१-७३ से पुलिस प्रशासन फतेहगढ़ के कतिपय वकीलों के प्रति अभद्र एव अशोभनीय व्यवहार के विरुद्ध चल रही सांकेतिक भूख हड़ताल का सभी उपरोक्त दल समर्थन करते हैं और सम्बन्धित अधिकारियों से मांग करते हैं कि दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध अविलम्ब कार्यवाही करें ताकि उक्त अभद्र व्यवहार की पुनरावृत्ति न हो सके।

## कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्स०) फर्रुखाबाद का ८ जनवरी को धरना

जनता के अन्य वर्गों की निरन्तर गिरती हुई आर्थिक स्थिति तथा भयकर कमर तोड़ महगाई हरिजनों का सामाजिक उत्पीड़न, युवकों में भयंकर बेकारी शिक्षा का गिरता हुआ स्तर और पुलिस व प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं केन्द्रीय तथा प्रान्तीय सरकारों की जनविरोधी नीतियों के विरोध में तथा जनपद में आलू उत्पादन तथा शिक्षित एवं अशिक्षित युवावर्ग की बेकारी को देखते हुये फर्रुखाबाद में आलू से स्टार्च बनाने की हैवी इन्डस्ट्री (बड़ा कारखाना) लगाया जाय आदि।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचायतों के लिए स्वीकृत